भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2650
बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

मानसून और वर्षा पर अल नीनों का प्रभाव

†2650. श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हाल के वर्षों में देश में मानसून और वर्षा पद्धति पर अल नीनों के प्रभाव का कोई अध्ययन किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) भारतीय मानूसन पैटर्न पर ला नीनों प्रभाव और भारतीय प्रायद्वीप में इसके चक्रीय होने के प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी हां।

(ख) मंत्रालय अल नीनों अवधि के दौरान वर्षा पैटर्न समेत देश में मॉनसून तथा संबंधित वर्षा पैटर्न के बारे में नियमित अध्ययन करता है। सामान्य तौर पर, अल नीनों घटना के दौरान भारतीय ग्रीष्मकालीन मॉनसून सामान्य से अधिक कमजोर होता है, तथा घटना की तीव्रता भी मॉनसून पर प्रभाव का स्तर निर्धारित करती है। वर्ष 1950 से अब तक कुल 16 अल नीनों वर्ष रहे हैं, जिसमें से 7 वर्षों ने भारतीय मॉनसून वर्षा को प्रभावित किया है, तब वर्षा सामान्य से कम थी। तथापि, मॉनसून ऋतु के उत्तरार्ध के दौरान (विशेष रूप से सितंबर की वर्षा के साथ) अल नीनों तथा वर्षा के बीच एक प्रबल व्युतक्रम संबंध है।

(ग) ला नीना एक जलवायु घटना है, जिसमें मध्य एवं पूर्वी प्रशांत महागसार में समुद्र की सतह का तापमान (SSD) अधिक ठंडा (अल नीनों के विपरीत) होता है जो भारतीय मॉनसून को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। सामान्य तौर पर, ला नीना घटना के दौरान, दक्षिण पश्चिमी मॉनसून ऋतु के दौरान भारत में सामान्य से अधिक वर्षा होती है। ला नीना वर्षों के दौरान, सुदूर उत्तरी भारत एवं पूर्वोत्तर के कुछ क्षेत्रों जहां ला नीना वर्षों के दौरान सामान्य से कम वर्षा की संभावना रहती है, को छोड़कर देश के अधिकांश भागों में सामान्य से अधिक वर्षा होती है। साथ ही, ला नीना वर्षों के दौरान शीत ऋतु के दौरान आमतौर पर सामान्य से कम तापमान देखा गया है।

*****